हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 3 अप्रैल 2024

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे के...

07 खेतों में जल गई किसानों की उम्मीदें अब कैसे होंगे ...

लोकसभा क्षेत्र

गुना

1 भाजपा प्रत्याशी
ज्योतिरादित्य सिंधिया

2 कांग्रेस प्रत्याशी
राव यादवेंद्र सिंह यादव

पिछली बार कौन जीता

केपी सिंह यादव

जीत का अंतर

1 लाख 25 हजार 549

क्या रहेंगे मुद्दे?

गुना-शिवपुरी में सभी तरह के मुद्दों का असर रहता है। जहां तक चुनावी मुद्दों का सवाल है तो गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र में सभी तरह के मुद्दों का असर है। लोग राष्ट्रीय मुद्दों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लहर से प्रभावित दिखाई पड़ते हैं। ज्योतिरादित्य की हार के बाद यह क्षेत्र उपेक्षित जैसा रहा। प्रदेश की सरकार ने भी खास ध्यान नहीं दिया। इसकी वजह से लोगों में नाराजगी दिखती है। चंबल-ग्वालियर अंचल का होने से यहां जातीय राजनीति का असर है। यह चुनाव को प्रभावित करेंगे। सिंधिया परिवार ने क्षेत्र के लिए विकास के काफी काम किए हैं। इनका असर भी लोकसभा चुनाव में देखने को मिल रहा है।

पिछला चुनाव हार चुके सिंधिया की राह इस बार भी कठिन, कांग्रेस ने क्षेत्र का यादव प्रत्याशी उतार मुश्किल में डाला

जातीय समीकरणों में उलझा ज्योतिरादित्य-यादवेंद्र के बीच मुकाबला

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के कारण हाई प्रोफाइल गुना-शिवपुरी लोकसभा सीट में कड़ा मुकाबला देखने को मिल सकता है। चुनाव पर इसलिए भी सबकी नजर है, क्योंकि महल घराने के सिंधिया 2019 में लगभग सवा लाख वोटों के अंतर से चुनाव हार गए थे। तब वे कांग्रेस में थे, अब भाजपा प्रत्याशी हैं। पिछली बार उन्हें उनके ही सहयोगी रहे केपी सिंह यादव ने भाजपा प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़कर हराया था। इस बार कांग्रेस ने क्षेत्र के ही चर्चित यादव परिवार के सदस्य राव यादवेंद्र सिंह को मैदान में उतारा है। ज्योतिरादित्य और यादवेंद्र की लड़ाई को क्षेत्र के जातीय समीकरणों ने उलझा दिया है। इससे सिंधिया की राह ज्यादा आसान नहीं है।

ग्राउंड रिपोर्ट

दिनेश निगम 'त्यागी' ⏭ भोपाल

प्रदेश की गुना-शिवपुरी लोकसभा सीट में कांग्रेस ने भाजपा के ज्योतिरादित्य सिंधिया को उनकी ही शैली में जवाब देने की कोशिश की है। 2019 के चुनाव में वे कांग्रेस से भाजपा में गए और अपने ही सहयोगी केपी सिंह यादव से चुनाव हार गए थे। इस बार सिंधिया भाजपा में हैं और पार्टी ने केपी का टिकट काटकर उन्हें ही टिकट दे दिया है। कांग्रेस ने भी नहले पर दहला जड़ते हुए क्षेत्र में भाजपा के कद्दावर नेता रहे राव देशराज सिंह यादव के बेटे राव यादवेंद्र सिंह को मैदान में उतार दिया है। क्षेत्र में यादव मतदाताओं की तादाद ज्यादा है। केपी सिंह यादव का टिकट काटे जाने के

ज्योतिरादित्य सिंधिया

राव यादवेंद्र सिंह

कारण उनमें नाराजगी भी है। क्षेत्रीय समीकरणों के कारण जाटव, गुर्जर और लोधी मतदाताओं का भी भाजपा खासकर सिंधिया से मोह भंग हुआ है। हालांकि गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र में हमेशा महल घराने अर्थात सिंधिया परिवार का दबदबा रहा है। अपवाद के तौर पर पिछला चुनाव छोड़ दें तो इस परिवार का कोई सदस्य यहां से चुनाव नहीं हारा, लेकिन 2019 का चुनाव हारने के बाद सिंधिया लंबे समय तक क्षेत्र के लोगों से गुस्सा दिखाई पड़े। विधानसभा चुनाव में भी उनके समर्थक उस तादाद में नहीं जीते, इसकी वजह से काफी समय तक ये क्षेत्र उपेक्षित रहा। अब भाजपा ने अपने उस सांसद केपी सिंह यादव का टिकट काट दिया, जिसने पहली बार सिंधिया परिवार के सदस्य को हराने का कीर्तिमान रचा था। ऐसे में भले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हैं, लेकिन यादव समाज कांग्रेस के राव यादवेंद्र सिंह यादव के पाले में जा सकता है। अन्य जातियों में लोधी समाज पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती की उपेक्षा के कारण नाराज तो है ही, इनका यादव समाज के साथ अघोषित समझौता जैसा हुआ है। पिछौर में यादव समाज ने प्रीतम लोधी को वोट देकर जिताया है, अब लोकसभा चुनाव में लोधी समाज की अहसान चुकाने की बारी है। गुर्जर और जाटव समाज अब एकतरफा नहीं, बंटा नजर आ रहा है।

विधानसभा सीटों के लिहाज से भाजपा भारी

गुना लोकसभा सीट के तहत तीन जिलों गुना, अशोक नगर और शिवपुरी की विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें गुना जिले की बमोरी, गुना, शिवपुरी जिले की पिछोर, कोलारस, शिवपुरी और अशोक नगर जिले की मुंगावली, चंदेरी और अशोक नगर विधानसभा सीटें शामिल हैं। विधानसभा चुनाव नतीजों की दृष्टि से पूरे लोकसभा क्षेत्र में भाजपा भारी दिखती है। भाजपा के पास 6 सीटें हैं तो कांग्रेस के पास सिर्फ दो। भाजपा ने 6 सीटें कुल 2 लाख 9 हजार 529 वोटों के अंतर से जीती हैं, जबकि कांग्रेस की जीत का अंतर महज 23 हजार 169 रहा है। इस तरह भाजपा 1 लाख 86 हजार 360 वोटों की बढ़त पर है। कांग्रेस ने 2018 के विधानसभा चुनाव में बढ़त ली थी, लेकिन लोकसभा में ज्योतिरादित्य चुनाव हार गए थे, इसलिए मतदाताओं के मूड को पढ़ना आसान नहीं है।

तीन जिलों को मिला कर बनी गुना लोकसभा सीट

गुना लोकसभा सीट का भौगोलिक क्षेत्र तीन जिलों में फैला है। इसके तहत आने वाली 8 विधानसभा सीटें तीन जिलों गुना, अशोक नगर और शिवपुरी के अंतर्गत आती हैं। इस सीट के राजनीतिक मिजाज की बात करें तो यहां सिंधिया परिवार का ही दबदबा रहा है। 1998 तक इस सीट से राजमाता विजयाराजे सिंधिया भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ती और जीतती रहीं। इसके बाद उनके बेटे माधवराव सिंधिया ग्वालियर छोड़कर गुना से चुनाव लड़ने आ गए तो यह सीट कांग्रेसी हो गई। 1998 का लोकसभा चुनाव यहां से माधवराव सिंधिया जीते। इसके बाद उनका निधन हो गया तो उनकी राजनीतिक विरासत ज्योतिरादित्य ने संभाली। कांग्रेस के टिकट पर उन्होंने 2004, 2009 और 2014 का लोकसभा चुनाव लड़ा और जीता।

यादव, जाटव, गुर्जर लोधी समाज निर्णायक

गुना लोकसभा क्षेत्र में चार जातियों यादव, लोधी, जाटव और गुर्जर समाज का दबदबा है। क्षेत्र में जाटव समाज के मतदाता लगभग तीन लाख और यादव समाज ढाई लाख के आसपास बताया जाता है। इसके बाद लोधी और गुर्जर मतदाताओं की तादाद है। ये भी लगभग डेढ़-डेढ़ लाख है। 2019 के लोकसभा चुनाव में इन सभी जातियों के मतदाता एकजुट हो गए थे। इसकी वजह से ज्योतिरादत्य सिंधिया 1 लाख 25 हजार 549 वोटों के अंतर से चुनाव हार गए थे। इस बार भी ये मतदाता किसी का भी खेल बिगाड़ने का माद्दा रखते हैं। यादवों की ज्यादा तादाद में कांग्रेस के पक्ष में जाना तय है, जबकि गुर्जर और जाटव मतदाता का ज्यादा हिस्सा भाजपा के पक्ष में जा सकता है।

खबर संक्षेप

महावीर जयंती की तैयारियों को लेकर बैठक 7 को

सागर। जैन धर्म के 24 वे एवं अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याण के उपलक्ष्य में दो दिवसीय कार्यक्रम को लेकर सकल दिगंबर जैन समाज की बैठक 7 अप्रैल रविवार को कटरा नमक मंडी स्थित मंदिर प्रागंण में रखी गई है। जयंती के उपलक्ष्य में 20 अप्रैल को गर्भ कल्याणक महोत्सव और 21 अप्रैल को जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया जायेगा। महावीर जयंती पर कटरा नमक मंडी स्थित गौराबाई दिगंबर जैन मंदिर प्रागंण से श्रीजी की विमान शोभायात्रा आकर्षक झांकियो के साथ चल समारोह के रूप मे निकलेगा।

कविता-संग्रह नदी हो तुम का विमोचन 6 अप्रैल को

सागर। सेवानिवृत्त प्राध्यापक उच्च शिक्षा, कवयित्री, समीक्षक एवं अनुवादक डॉ. संध्या टिकेकर (बीना) के कविता संग्रह नदी हो तुम का विमोचन एवं उस पर समीक्षात्मक चर्चा का आयोजन श्यामलम के तत्वावधान में 6 अप्रैल शनिवार को अपराह्न 4.00 बजे से दीपक सभागार सिविल लाइंस में किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रख्यात गीतकार डॉक्टर श्याम मनोहर सीरोठिया करेंगे। साहित्य सरस्वती पत्रिका की संपादक वरिष्ठ साहित्यकार डॉ लक्ष्मी पांडेय के मुख्य आतिथ्य में होने वाले इस कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि कवयित्री, समीक्षक डॉ.चंचला दवे, वरिष्ठ साहित्यकार, स्तंभकार, समालोचक डॉ.सुश्री शरद सिंह एवं कवयित्री सुश्री संध्या सर्वटे होंगी। कन्या महाविद्यालय सागर की प्राध्यापक डॉ. अंजना चतुर्वेदी तिवारी मंच संचालन करेंगी। आयोजक संस्था श्यामलम के अध्यक्ष उमाकान्त मिश्र एवं सचिव कपिल बैसाखिया ने सभी प्रबुद्ध जनों से इस अवसर पर उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

फेक न्यूज से रहें सावधान, तथ्यहीन जानकारी फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

सागर। सागर संसदीय क्षेत्र और जिलेवासियों से सोशल मीडिया में प्रकाशित एवं प्रचारित बिना तथ्यों की भ्रामक जानकारियों से बचने की अपील की गई है। सोशल मीडिया पर कोई भ्रामक जानकारी या अफवाह फैलाते पाए जाएंगे तो ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी से कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। साथ ही संबंधित व्हाट्एप पर ग्रुप एडमिन के विरुद्ध भी आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने वाले आरोपियों को 20-20 वर्ष का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने वाले आरोपी लखन को पॉक्सों एक्ट की धारा-5(एल)/6 के तहत 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं पॉच हजार रूपये अर्थदण्ड, धारा-5(जी)/6 के तहत 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं पॉच हजार रूपये अर्थदण्ड तथा आरोपी बलराम उर्फ मोन्ट को धारा-5(जी)/6 के तहत 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं पॉच हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से तृतीय अपर-सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पाक्सों एक्ट 2012) नीलम शुक्ला जिला-सागर की अदालत ने दंडित किया। मामले की पैरवी प्रभारी उप-संचालक (अभियोजन) धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी रिपा जैन ने की ।

घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि 23 जून 2022 को थाना में पीड़ता के आवेदन



आधार पर से अभियुक्त लखन के विरूद्ध धारा-5/6 का अपराध पंजीवद्ध किया गया था विवेचना के दौरान बालिका तथा अन्य साक्षीगण के कथन लेख किये गये तथा घटना स्थल का नक्षा मौका तैयार किया गया। पीड़ता की सहमति प्राप्त कर उसका मेडीकल परीक्षण कराया गया तथा पीड़ता के 164 के कथन कराये गये जिसमे उसने अभियुक्त लखन तथा बलराम उर्फ मोन्टू द्वारा उसके साथ गलत काम करना बताये जाने के आधार पर प्रकरण में धारा- 376(डी) का इजाफा किया गया। विवेचना के दौरान साक्षियों के कथन लेख किये गये, घटना स्थल का नक्शा मौका तैयार किया गया अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित कर थाना-द्वारा धारा 376(2)(एन) भा.दं.सं. एव धारा 5एल/6 लैंगिक अपराधो से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 का अपराध आरोपी के विरूद्ध दर्ज करते हुये विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया। अभियोजन द्वारा अभियोजन साक्षियों एवं संबंधित दस्तावेजों को प्रमाणित किया गया एवं अभियोजन ने अपना मामला संदेह से परे प्रमाणित किया। जहॉ विचारण उपरांत तृतीय अपर-सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पाक्सों एक्ट 2012) नीलम शुक्ला जिला-सागर की न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुये उपर्युक्त सजा से दंडित किया।

एकता समिति द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान शुरू

सागर। एकता समिति ने सीताराम रसोई में वृद्धजनों के लिए भोजन-मिष्ठान्न वितरित कर मतदाता जागरूकता अभियान शुरू किया। समिति सदस्यों ने कहा आगामी लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान कर प्रजातंत्र के यज्ञ में भाग लें । इस अवसर पर पूर्व विधायक सुनील जैन, कांग्रेस नेत्री निधि जैन, अब्दुल रशीद भाई, चंपकभाई, सुधीर जैन, शरद गुप्ता, राजेंद्र मलैया, मनोज जैन, डा जवाहर लाल जैन, राजेंद्र मलैया, संजय शास्त्री, कमल जैन, नीलेश समैया, सुभाष सराफ, अजीत जैन, नरेन्द्र जैन, राजेंद्र सोनी, राजकुमार अग्रवाल, दिनेश समैया, अरुणा बेन, हर्षा बेन, सीमा बेन, पूर्वी, वर्षा, दिशा, भक्ति, हितांश उपस्थित थे।

तिलकोत्सव के साथ हुआ नए सत्र 2024-25 का आगाज, विद्यालयों में खीर-पूड़ी का किया वितरण

रहली। राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार रहली ब्लाक के सभी शासकीय स्कूलों में प्रवेश उत्सव मनाया गया। बीआरसी आरडी अहिरवार ने बताया कि प्रवेश उत्सव पर सभी शासकीय स्कूलों में छात्रों को तिलक रोरी लगाकर स्वागत किया गया, तथा खीर पुरी और मीठा का वितरण किया गया । बीआरसी आरडी अहिरवार के अनुसार प्रवेश उत्सव पर 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, जिसमें प्रवेश के दौरान उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं को पिछले प्रश्न पत्रों को हल कराया जाएगा, जिसका उद्देश्य कठिन अवधारणा को सरल कर पूर्ण करने व छूटे हुए प्रश्नों का पुनः अभ्यास किया जाना है। इसी के साथ विद्यालय में बच्चों को मिट्टी के खिलौने बनाना, कागज की कटिंग, फोल्डिंग, सहित बाल सभा एवं स्थानीय खेलों का भी आयोजन किया जाएगा और पालकों को छात्र-छात्राओं की प्रगति से अवगत कराया जाएगा। इस अवसर पर बीएसी कमल जैन, लीलाधर जाटव, एन एल अहिरवार, जनशिक्षक राजा बागरोंन, अरविंद तिवारी, जितेंद्र साहू, पंकज साहू, पवन पांडे, मंनोज मिश्रा मौजूद रहे।

जिला न्यायालय परिसर में मनाया गया अप्रैल कूल डे

सागर। जिला न्यायालय में एम.के. शर्मा द्वारा प्रधान जिला न्यायाधीश के रूप में कार्यभार गृहण किया गया। साथ ही म.प्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एम.के.शर्मा के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय परिसर में ''अप्रैल कूल डे'' मनाया गया। जिला न्यायालय में प्रधान जिला न्यायाधीश/ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व अन्य समस्त न्यायाधीशगण द्वारा पौधे रोपित किये गये।

शासकीय सेवा में पुस्तकों का अध्ययन अत्यंत आवश्यक गूगल सोशल मीडिया पर निर्भर न रहे : कलेक्टर आर्य

सागर। शासकीय सेवा में पुस्तकों का अध्ययन अत्यंत आवश्यक होता है। गूगल, सोशल मीडिया पर निर्भर न रहे। उक्त विचार कलेक्टर दीपक आर्य ने आर.सी.व्ही.पी. नरोन्हा प्रशासनक अकादमी भोपाल से आए परिवीक्षाधीन 20 राज्य स्तरीय अधिकारियों को दिए। इस अवसर अपर कलेक्टर रुपेश उपाध्याय, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीसी शर्मा, डिप्टी कलेक्टर भव्या त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।परीक्षा अवधि में ट्रेनिंग करने सागर आए 20 अधिकारियों को कलेक्टर दीपक ने कहा कि पुस्तकों का अध्ययन अत्यंत आवश्यक है। गूगल एवं सोशल मीडिया पर अति आवश्यक होने पर ही उसका उपयोग करें। उन्होंने कहा कि पुस्तक का अध्ययन करने से अनेक प्रकार की जानकारी प्राप्त होती है, और वह ठोस होती है। उन्होंने कहा कि आप सभी अपनी सेवा प्रारंभ कर रहे हैं, इसके लिए आप सभी को बहुत-बहुत बधाई, शुभकामनाएं।

पेड न्यूज साबित होने पर निर्वाचन व्यय में जुड़ेगा खर्च

सागर। निर्वाचन के दौरान जिले में केबल चैनलों, समाचार पत्रों से प्रसारित कार्यक्रमों पर नजर रखी जा रही है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर पेड न्यूज पर नजर रखने के लिये जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में मीडिया अनुवीक्षण एवं प्रमाणन समिति गठित की गई है।निर्वाचन आयोग ने "पेड न्यूज" पर बारीकी से ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। एमसीएमसी ही पेड न्यूज के संबंध में निर्णय लेगी। एमसीएमसी द्वारा ही मीडिया सेंटर (मीडिया अनुवीक्षण प्रकोष्ठ) के जरिए 24 घण्टे इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और प्रिंट मीडिया द्वारा प्रसारित होने वाली खबरों की गहन छानबीन की जा रही है। पेड न्यूज साबित होने पर प्रत्याशी के निर्वाचन व्यय में पेड न्यूज प्रकाशन पर हुआ खर्च जोड़ा जायेगा।

लोकसभा निर्वाचन संपन्न कराने मतदान दल अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण प्रारंभ

पीठासीन और मतदान अधिकारी पूरी लगन तथा मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त कर निर्वाचन संपन्न कराने में अपनी भूमिका अदा करें : कलेक्टर आर्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

जिले में लोकसभा आम निर्वाचन के लिए पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान अधिकारियों का प्रथम प्रशिक्षण सभी विधान सभा स्तर पर बनाए गए प्रशिक्षण स्थलों पर आज अप्रैल से शुरू हो गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने जिले के सागर एवं नरयावली विधानसभा क्षेत्र के मतदान दल प्रशिक्षण स्थलों का निरीक्षण किया। कलेक्टर दीपक आर्य ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पीठासीन और मतदान अधिकारियों से कहा कि वे पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त कर निर्वाचन संपन्न कराने में अपनी अहम भूमिका अदा करें। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन भी करें।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने मतदान दल के अधिकारी कर्मचारियों से कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शुचितापूर्ण निर्वाचन में मतदान दलो की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसके लिए मतदान दलों को निर्वाचन प्रक्रिया का पूर्णतः ज्ञान होना

आवश्यक है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का भली-भांति अध्ययन कर लें तथा किसी भी प्रकार की शंका या समस्या होने पर प्रशिक्षण के दौरान ही समाधान कर लें। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से ईवीएम संचालन की भी समुचित जानकारी प्राप्त करने के लिए कहा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने आज जैन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, एमएलबी कन्या महाविद्यालय शासकीय महाविद्यालय बड़तूमा, मकरोनिया प्रशिक्षण स्थलों पर जाकर मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों से चर्चा की एवं उनसे लोकसभा निर्वाचन पूरी पारदर्शिता एवं निश्चितता के साथ संपन्न कराने की बात कही।

मास्टर ट्रेनर्स द्वारा पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों को उनके कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व, मतदान केंद्र पर एक दिन पूर्व की जाने वाली कार्यवाही, मतदान के पूर्व की तैयारी एवं मॉकपोल, मॉकपोल का क्रम, मॉकपोल के दौरान मशीनों का परिवर्तन, मॉकपोल के पश्चात मशीनों की सीलिंग, वास्तविक मतदान प्रारंभ, मतदान केन्द्र में प्रवेश हेतु अनुमति प्राप्त व्यक्ति, मतदान केंद्र पर मतदाताओं के प्रवेश का विनिमय, मतदान केंद्र और आस पास निर्वाचन विधि का प्रवर्तन, मतदान प्रक्रिया, मतदान कें दौरान की विशेष स्थितियां, बैटरी का विस्थापन, मतदान समाप्ति पर कार्यवाही, निर्वाचन अभिलेख तैयार करना एवं पैकिंग, बुकलेट प्रपत्र आदि की जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि लोकसभा आम निर्वाचन हेतु जिले के सभी विधान सभा क्षेत्र में 02 अप्रैल से 07 अप्रैल तक पीठासीन और मतदान अधिकारियों को दो पालियों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिए की मतदान दल में बनने वाले पीठासीन अधिकारी अपनी पीठासीन डायरी अवश्य भरे एवं उनका निर्धारित स्थल पर जमा भी करें।

सदर घटना को लेकर शिवसैनिकों ने ज्ञापन सौंपा

सागर। रंगपचमी की रात्रि सदर में उपद्रवकारियों द्वारा जानलेवा हमला, पत्थरबाजी, तोडफोड़, कर सामाजिक सौहार्द बिगाडने वाले आराजक तत्वों पर रासुका की कार्यवाही के साथ उनके मकान तोडे जाने की मांग को लेकर शिवसैनिकों ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी से भेट कर ज्ञापन सौपा। शिवसेना राज्य उपप्रमुख पप्पू तिवारी के नेतृत्व में सौपे गए ज्ञापन में उल्लेखित है कि होली, रंगपचमी जैसे सामाजिक सौहार्द के पर्व पर उपद्रवकारियों ने शहर की शांति में खलल डालने की साजिश की है उनकी पहचान कर कठोर कानूनी एवं दण्डात्मक कार्यवाही की जाए। साथ ही अपनी जान की परवाह न कर आम लोगों की सुरक्षा व बचाने का कार्य करने वाले केण्ट थाना सहित पुलिस कर्मियों के कार्य की सराहना की। शिवसेना जिला प्रभारी विकास यादव ने कहा कि सदर में हिन्दू त्यौहारों पर कुछ चिन्हित अराजक तत्व सामाजिक सौहार्द बिगाडने का कार्य करते आ रहे है। उन पर रासुका की कार्यवाही के साथ-साथ उन्हें जिला बदर किया जाने की मांग की। युवा शिवसेना जिला प्रमुख पंकज दुबे ने कहा कि आगामी नौ दुर्गा, रामनवमी जैसे हिन्दू पर्वों पर ऐसी घटना की पुनरावृत्ति को रोकने जिला प्रशासन सख्त कदम उठाये और अराजक तत्वों की धडपकड के साथ उन पर कठोर कार्यवाही करे। पुलिस अधीक्षक ने आश्वस्त किया कि उपद्रवकारी तत्वों की गिरफ्तारी की जा चुकी है उन पर कडी कार्यवाही जारी है कुछ तत्वों की गिरफ्तारी शीघ्र होगी।

खबर संक्षेप

नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोपी युवक को 3 वर्ष कैद

टीकमगढ़। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की न्यायालय ने छेड़छाड़ के आरोपी को तीन साल की सजा सुनाई है। पैरवीकर्ता विशेष लोक अभियोजक नर्मदाजलि दुबे ने बताया कि 17 वर्ष की लड़की और आरोपी आशुतोष राय 18 वर्ष निवासी टीकमगढ़ दोनों एक ही कोचिंग में पढ़ते थे। कोचिंग के दौरान आशुतोष बात करने के लिए लड़की से कहता था। मोबाइल पर फोन लगाकर परेशान करता था। करीब एक साल से छेड़खानी करके परेशान कर रहा था। 26 जुलाई 2023 की शाम 7 बजे समक्ष प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान दस्तावेजों को साक्ष्य के तौर पर प्रस्तुत किया। जिस पर न्यायालय ने आरोपी आशुतोष रैकवार को दोष सिद्ध ठहराते हुए तीन साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 5 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया।

नगर के सबसे पुरानी गौ सेवा केंद्र में हुआ सुंदरकांड का पाठ

टीकमगढ़। आसरा गौ सेवा केंद्र वर्ष 2005 से शहर में संचालित है। जहां असहाय और दुर्घटना ग्रस्त गौ वंश का उपचार, सेवा और भोजन की व्यवस्था की जाती है, यह पूरे जिले में एक मात्र ऐसी संस्था है । जहां सातों दिन व चौबीसों घंटे गौ वंश के आकस्मिक चिकित्सा की व्यवस्था बिना किसी शासकीय अनुदान के निस्वार्थ भाव से की जाती है। संस्था के सदस्यों को जैसे ही सूचना मिलती है तुरंत गौ वंश के उपचार और सहायता के लिए उपस्थित हो जाते है। सोमवार को संस्था भवन में सुंदर कांड का आयोजन किया गया।

विदिशा प्रदेश में अव्वल

विदिशा। कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य के द्वारा जिले में राजस्व प्रकरणों के निराकरण मामलों में विशेष जोर दिया जा रहा है। प्रदेश स्तरीय जारी रैंकिंग सूची में विदिशा अव्वल नंबर पर है। प्रदेश स्तरीय जारी रिपोर्ट अनुसार विदिशा जिले में राजस्व के कुल 80477 प्रकरण दर्ज किए गए थे जिसमें से अब तक 74535 प्रकरणों का निराकरण किया गया है।

दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले की पुलिस ने अपनी मुस्तैदी के चलते दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने के महज 24 घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक सोमवार के रोज फरियादिया अनीता (परिवर्तित नाम) द्वारा थाना बम्होरीकलां आकर रिपोर्ट की गई रविवार को रात करीब 8:00 बजे उसके ग्राम के कमलू अहिरवार द्वारा जबरदस्ती उसके साथ गलत काम किया एवं किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी ।

फरियादिया की रिपोर्ट पर से थाना बम्हौरी कलां में अपराध क्रमांक 72/24 धारा 376, 450, 506 ताहि. का कायम कर विवेचना में लिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए टीकमगढ़ पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए निर्देशित किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम , एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में थाना बम्हौरी कलां पुलिस द्वारा आरोपी कमलेश अहिरवार निवासी कंजना को घटना के 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार किया गया एवं न्यायालय जतारा पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बम्हौरी कलां उप निरीक्षक नितेश जैन, प्रधान आरक्षक मनोज मिश्रा, आरक्षक रामप्रकाश, संगम नायक, धनराज, महिला आरक्षक महलका, अंजलि शामिल रहीं।

उचित जानकारी प्राप्त न होने पर जब्त किए गए 3 लाख 50 हजार

टीकमगढ़। लोक सभा चुनाव के तहत जिले भर में हो रही कार्यवाहियों के तहत मंगलवार को बड़ागांव की प्राथमिक शाला के पास चैकिंग अभियान चलाते हुए दो वाहनों से 3 लाख 50 हजार रुपए जब्त किए। जब्त की गई राशि के बारे में वाहन में बैठे लोगों द्वारा कोई उचित उत्तर प्राप्त नहीं हुआ जिस कारण उक्त राशि का जब्त कर वैद्यानिक कार्रवाई की गई।

पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार लोकसभा चुनाव-2024 आचार संहिता के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ रोहित काशवानी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ सीताराम द्वारा सभी थाना प्रभारियो को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में सघन चेकिंग कर अवैध गतिविधियो की रोकथाम के लिए निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में मंगलवार को एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे के दिशा निर्देशन में थाना बड़ागांव प्रभारी उप निरीक्षक नीतू खटीक के नेतृत्व में बड़ागांव पुलिस स्टाफ तथा एफएसटी टीम द्वारा प्राथमिक शाला के पास की जा रही चेकिंग में स्वाति जैन से दो लाख रुपए एवं मनोज रैकवार से 1 लाख 50 हजार रुपए जब्त किए गए इस प्रकार पुलिस द्वारा कुल 3 लाख 50 हजार रुपए संदेहात्मक रुप में रखे हुये पाये जाने से एफएसटी टीम द्वारा उक्त राशि जब्त कर वैधानिक कार्रवाई की गई।

भीषण गर्मी से राहत के लिए स्कूलों के टाइम टेबिल में परिवर्तन की मांग

टीकमगढ़। अप्रैल माह के शुरू से ही भीषण गर्मी का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। नया सत्र 1 अप्रैल से नया शेक्षिण सत्र शुरू हो गया है। भीषण गर्मी में छात्र छात्रों को स्कूल जाने से स्वास्थ पर विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना बनी हुई है, जहां एक ओर छोटे-छोटे बच्चे भरी दोपहर में स्कूल जा रहे है । बच्चों की स्वास्थ को ध्यान में रखकर पीएमयूएम शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष सतीश खरे के नेतृत्व में संघ के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर महोदय के नाम अपर कलेक्टर को विद्यालयों का समय सुबह 7.30 बजे से किए जाने की मांग रखते हुए ज्ञापन सौंपा । जिस पर अपर कलेक्टर चौहान ने शिक्षकों को आश्वस्त करते हुए कहा की छात्रों के स्वास्थ को ध्यान में रखते हुए आदेश जारी किया जाएगा । ज्ञापन में मुख्य रूप से ब्रजेश असाटी, शिव प्रताप सिंह बुंदेला, अरविंद नामदेव, शैलेश जैन, ब्रजेश प्रजापति, सुरेश यादव, दीपेश रजक, राजेश नामदेव मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।

पुलिस व एसएसबी ने किया फ्लैग मार्च

टीकमगढ़। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लागू की गई आदर्श आचार सहिंता थाना जतारा पुलिस एवं एसएसबी बल द्वारा फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च लोकसभा चुनाव-2024 आचार संहिता के तहत जिले में शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए एवं आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ रोहित काशवानी के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम, एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में थाना जतारा अंतर्गत कस्बा जतारा, कंदवा, बैरबार, मुहारा, बम्हौरी अब्दा, टांनगा आदि ग्रामों में थाना प्रभारी जतारा निरीक्षक अरविंद सिंह दांगी द्वारा पुलिस स्टाफ एवं एसएसबी बल के साथ प्रभावी फ्लैग मार्च किया गया ।

महेंद्र सागर तालाब में मिला युवक का शव सोमवार से था लापता

टीकमगढ़। शहर के महेंद्र सागर तालाब में मंगलवार सुबह एक युवक का शव तैरता दिखाई दिया। आसपास के लोगों ने तत्काल इसकी सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गोताखोरों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकाला। पुलिस ने मृतक की पहचान ताल दरवाजा निवासी 45 वर्षीय करुणेंद सिंह के तौर पर की है। प्राप्त जानकारी अनुसार कि मंगलवार को महेंद्र सागर तालाब में युवक के पड़े होने की सूचना मिली। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर गोताखोरों की मदद शव को बाहर निकाला। मौके पर मौजूद लोगों से शिनाख्त कराई गई। इस दौरान शव की पहचान ताल दरवाजा निवासी करुणेंद्र सिंह पुत्र कुंदन सिंह बुन्देला के तौर पर की गई है। पुलिस को पूंछताछ में पता चला है कि करुणेंद्र निजी कोरियर कंपनी में डाक वितरण का काम करता था। जांच के दौरान करुणेंद्र के परिजनों ने बताया कि सोमवार शाम से वह लापता था। देर रात तक परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन वह कहीं नहीं मिला। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे परिजनों को करुणेंद्र का शव तालाब में पड़े होने की सूचना मिली। पंचनामा कार्रवाई के बाद पुलिस ने करुणेंद्र के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत का सही कारण सामने आ सकेगा। करुणेंद्र के परिजन इस हादसे को सोच-सोच परेशान बने हुए हैं कि यह हादसा ऐसे कैसे हो गया।

शहर के सभी मंदिरों से शोभायात्रा एक साथ पहुंचेगी राजेन्द्र पार्क

युग के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ जयंती पर आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



आज जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ जयंती के अवसर पर श्री 1008 अतिशय कारी पारसनाथ दिगंबर जैन पंचायती मंदिर से भगवान की भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। उक्त संबंध में जानकारी देते हुऐ अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन की पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र जनता ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं, कार्यक्रम को लेकर लोगों में जबरजस्त उत्साह देखा जा रहा हैं।

देवाधिदेव भगवान आदिनाथ जयंती पर आज नगर की जैन समाज स्वेच्छा से अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर परिवार सहित इस शोभायात्रा में शामिल होंगे, भगवान आदिनाथ जयंती शोभा यात्रा में घोड़ों पर सवार धर्मध्वजा लिए श्रावक, ब्रास बैंड, नए तिपहिया वाहनों में कटाउट, दूसरा ब्रास बैंड, पाठशाला के बच्चे, महिला मंडल, बग्गिया, 2 झांकी, दिव्य घोष, रथ, दूसरा दिव्य घोष, विभिन्न मंदिरों के विमान, पुरुष श्रावक एवं समस्त माताएं बहने साथ रहेगी।

कार्यक्रम की शुभारंभ दोपहर 1 बजे श्री 1008 अतिशयकारी पारसनाथ दिगंबर जैन पंचायती मंदिर से प्रारंभ होकर पपौरा चौराहा, जेठा चौराहा, कटरा बाजार, जवाहर चौक, पुरानी गल्ला मंडी, लुकमान चौराहा, महावीर पार्क, सेल सागर, गांधी चौक होते हुऐ शाम 4:30 बजे राजेंद्र पार्क पहुंचेगा। जहां श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा एवमं मुनिश्री के मंगल प्रवचन होगें। कार्यक्रम का समापन शाम 5:30 होगा।

मंगलाष्टक के बाद होगा आदिनाथ भगवान का पावन अभिषेक व शांति धारा का आयोजन :

टीकमगढ़। नगर की नंदीश्वर कॉलोनी स्थित आदिनाथ धाम त्रिकाल चौबीसी में जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर एवं जैन धर्म के प्रवर्तक आदिनाथ भगवान की जन्म जयंती चैत्र कृष्ण नवमी बुधवार के दिन मुनिश्री 108 विलोक सागरजी महाराज एवं विबोध सागरजी महाराज के सानिध्य में के साथ आज मनाई जाएगी। मुनि संघ तीन दिन से नंदेश्वर कॉलोनी में विराजमान है।

प्रदीप जैन बम्हौरी ने बताया कि आदिनाथ धाम में सुबह 6:30 बजे से सामूहिक रूप से मंगलाष्टक के बाद आदिनाथ भगवान का अभिषेक एवं शांति धारा की जाएगी । सामूहिक रूप से पूजन होगी इसके बाद असीम कालीन भक्तांबर विधान एवं मुनिश्री के प्रवचन होंगे। नंदीश्वर कमेटी के मंत्री गुलाब दाऊ ने बताया कि दोपहर 12:45 बजे से नंदीश्वर द्वार से श्रीजी की शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए पारस धाम पंचायती मंदिर पहुंचेगी जहां श्रीजी की शोभायात्रा मुख्य शोभायात्रा में शामिल होगी। पारस धाम से सभी मंदिरों की शोभायात्रा एक साथ शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए राजेंद्र पार्क पहुंचेगी जहां श्रीजी का अभिषेक शांति धारा एवं मुनि महाराज के प्रवचन होंगे। शोभायात्रा में सभी मंदिरों की महिला मंडल अपनी अपनी प्रस्तुति देगी। मनंदीश्वर कॉलोनी से विद्या सिंधु महिला मंडल, त्रिशला महिला मंडल, एवं जैनागम पाठशाला के बच्चों द्वारा विशेष प्रस्तुति दी जाएगी एवं आदिनाथ भगवान का जन्म कल्याणक मनाया जाएगा।

शोभा यात्रा में झांकी के माध्यम से आदिनाथ भगवान के संदेश को जनमानस तक पहुंचाया जाएगा । मुनिश्री विलोक सागरजी महाराज ने आदिनाथ जयंती मनाने के संदर्भ में कहा कि इस बार की आदिनाथ जयंती कुछ अलग तरीके से मनाई जाएगी। सभी लोगों को शोभायात्रा में व्यवस्थित होकर चलना है ऐसी व्यवस्था करना है कि किसी को व्यवस्थित नहीं करना पड़े। मुनि श्री ने बताया कि जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का जन्म आज से लाखो वर्ष पहले उत्तर प्रदेश के अयोध्या नगर में चैत्र कृष्ण नौवीं के दिन सूर्योदय के समय हुआ था। उन्हें ऋषभनाथ भी कहा जाता है। उन्हें जन्म से ही सम्पूर्ण शास्त्रों का ज्ञान था। वे समस्त कलाओं के ज्ञाता और सरस्वती के स्वामी थे। युवा होने पर कच्छ और महाकच्छ की दो बहनों नंदा और सुनंदा से ऋषभनाथ का विवाह हुआ। नंदा ने भरत को जन्म दिया, जो आगे चलकर चक्रवर्ती सम्राट बने। उसी के नाम पर हमारे देश का नाम भारत पड़ा जैन धर्मावलंबियों की ऐसी मान्यता है। आदिनाथ सौ पुत्रों और ब्राह्मी तथा सुंदरी नामक दो पुत्रियों के पिता बने। भगवान ऋषभनाथ ने ही विवाह-संस्था की शुरुआत की और प्रजा को पहले-पहले असि, मसि (लेखन कार्य) और कृषि , विद्या, शिल्प विविध वस्तुओं का निर्माण और वाणिज्य-व्यापार के लिए प्रेरित किया। कहा जाता है कि इसके पूर्व तक प्रजा की सभी जरूरतों को कल्पवृक्ष पूरा करते थे। कल्पवृक्ष का मतलब जो आपने इच्छा की उसकी पूर्ति हो जाती थी। भगवान आदिनाथ का सूत्र वाक्य था- कृषि करो या ऋषि बनो। ऋषभनाथ ने हजारों वर्षों तक सुखपूर्वक राज्य किया फिर राज्य को अपने पुत्रों में विभाजित करके दिगम्बर दीक्षा धारण करके तपस्वी बन गए। उनके साथ सैकड़ों लोगों ने भी उनका अनुसरण किया। जब कभी वे भिक्षा मांगने जाते, लोग उन्हें सोना, चांदी, हीरे, रत्न, आभूषण आदि देते थे, लेकिन भोजन कोई नहीं देता इस प्रकार, एक हजार वर्ष तक कठोर तप करके ऋषभनाथ को कैवल्य ज्ञान भूत, भविष्य और वर्तमान का संपूर्ण ज्ञान प्राप्त हुआ। भगवान बन गए। अपनी आयु के 14 दिन शेष रहने पर भगवान ऋषभनाथ हिमालय पर्वत के कैलाश शिखर पर समाधिलीन हो गये। माघ कृष्ण चतुर्दशी के दिन आदिनाथ भगवान वर्तमान में उत्तराखंड राज्य के अष्टापद नामक पर्वत से मोक्ष गए।

27 फीट गहरे सूखे कुएं में गिरे बछड़े को गौ सेवकों ने सुरक्षित बाहर निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

ग्राम नौगांव में करीब 27 फीट गहरे सूखे कुएं में गिरे बछड़े को गौ सेवा समिति के सदस्यों ने कुएं से निकालकर बछड़े की जान बचाई। साथ ही बछड़े का उपचार कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा गया।

गौ सेवक शुभम सेन ने कुएं में उतरकर बछड़े के पैर रस्सी से बांधे, बाहर निकालकर किया गया उपचार

गौ सेवा समिति सदस्य राजेंद्र यादव ने बताया कि डायल 100 के पायलट अजय एवं आरक्षक आसाराम यादव ने सूचना दी थी कि ग्राम नौगांव में वार्ड क्रमांक 6 में सोमवार की रात एक गाय का बछड़ा सूखे पड़े कुएं में गिर गया है। सूचना मिलने के बाद गौ सेवक शुभम सेन, लव केश यादव, मोहित पिंजवानी, गोलू पटेल, शिवम नामदेव, राज यादव के साथ मंगलवार की सुबह नौगांव पहुंचे। वहां जाकर देखा तो करीब 27 फीट गहरे कुएं में घायल अवस्था में बछड़ा पड़ा हुआ था। बछड़े को बाहर निकालने के लिए पहले गौ सेवक शुभम सेन को कुएं में उतारा गया। जिसने कुएं के अंदर पहुंच कर बछड़े के चारों पैरों को रस्सी की मदद से बांध कर कुएं के ऊपर मौजूद गौ सेवकों से रस्सी को खींचने के लिए कहा और गौ सेवकों ने रस्सी को ऊपर खींच लिया और बछड़े को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इतना ही नहीं घायल बछड़े का इलाज कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा गया। बछड़े के बाहर निकलते ही ग्राम वासियों ने गौ सेवकों की सराहना की। इस मौके पर डायल हंड्रेड पायलट अजय एवं आरक्षक आसाराम यादव सहित ग्रामवासी मौजूद रहे। इसी तरह सोमवार को गौ सेवकों ने तहसील कार्यालय के पास घायल हालत में घूम रहे बैल का इलाज किया गया था, बैल के सिर में गहरी चोट थी। सूचना मिलने पर गौ सेवा समिति के सदस्यों ने मौके पर पहुंचकर उपचार किया और बैल को सुरक्षित स्थान पर छोड़ा गया।

रक्तदान शिविर में 15 रक्तदाताओं ने किया रक्त का दान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

सिविल अस्पताल के सभागार में प्रसन्नता दिवस एवं अंधापन निवारण सप्ताह के अवसर पर सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक सिविल अस्पताल बीना के डॉक्टर्स व अस्पताल स्टाफ एवं स्वास्थ्य सेवा संगठन के द्वारा रक्त-क्रांति रक्तदान शिविर-59 का आयोजन किया गया। जिसमें 15 रक्तदाताओं ने निस्वार्थ रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ संरक्षक रक्त-क्रांति रक्तदान शिविर एवं चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने भगवान धन्वंतरि के समक्ष दीप प्रज्वलित करते हुए किया। बाद में 15 रक्तदाताओं के द्वारा रक्तदान किया गया। 17 वीं बार रक्तदान करने पर राहुल राय को रक्त वीर सम्मान दिया गया।

वहीं पहली रक्तदान करने पर जयश्री चौरसिया को रक्त वीरांगना सम्मान डॉक्टर वीरेंद्र ठाकुर के द्वारा दिया गया। इसके अलावा राहुल समैया को उत्कृष्ट सुरक्षा सम्मान, दीपिका बुंदेला को महिला सुरक्षा सम्मान देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा रक्तदान करने वालों को सम्मानित किया गया। वहीं डॉक्टर ठाकुर ने सभी से अपील करते हुए कहा कि मरीजों के जीवन की रक्षा के लिए रक्तदान अवश्य करें।

शिविर में राहुल राय, यशवंत कुर्मी, सुरेंद्र जोशी, राकेश सुमन, अनिल पटेरिया, राहुल समैया, देवेंद्र कुमार चौरसिया उनकी पुत्री जयश्री चौरसिया, निखिल जोशी, सुरभि यादव, दीपिका बुंदेला, नीतेश अहिरवार, सौरभ यादव, ब्रजेश साहू सहित कुल 15 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

जगद्गुरु श्री कृपालु महाराज की प्रचारिका धामेश्वरी देवी के 3 अप्रैल से होंगे प्रवचन

बीना। आध्यात्मिक प्रवचन एवं रसमयी संकीर्तन 3 अप्रैल से सरदार वल्लभभाई पटेल छात्रावास साईं धाम कॉलोनी में आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को पत्रकार वार्ता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें दिव्य



आध्यात्मिक प्रवचन एवं रसमयी संकीर्तन जगतदुरूतम श्री कृपालु महाराज की प्रचारिका धामेश्वरी देवी ने जानकारी देते हुए बताया कि आध्यात्मिक प्रवचन एवं रस में संकीर्तन 3 अप्रैल से 13 अप्रैल तक प्रतिदिन शाम 7 बजे से 9 बजे तक सरदार वल्लभ भाई पटेल छात्रावास साईंधाम में आयोजन किया जाएगा। धामेश्वरी देवी ने बताया कि वह बचपन से ही कृष्ण भक्ति में प्रवृत्त है। 16 वर्ष की आयु से ही जगद्गुरु श्री कृपालु महाराज के चरणारविंद की गुरुत्तर सेवा में तत्पर है। उनकी आज्ञा पाकर ही उड़ीसा के कटक शहर की उत्कल यूनिवर्सिटी से वाणी बिहार एमए संस्कृत कर भगवन्नानाम प्रचार में संलग्न है। समिति ने लोगों से अपील की है कि समय पर आकर प्रवचन का श्रवण कर, पुण्य लाभ उठाए एवं मनुष्य जीवन को सार्थक करें। पत्रकार वार्ता के दौरान सीताराम यादव, राजेंद्र यादव पुरा, एडवोकेट जगत सिंह यादव, पार्षद गौरीशंकर राय, सूर्य प्रकाश पटेल, कैलाश पटेल, आशुतोष यादव, बंटी यादव, आनंद सिंह यादव, श्रीराम यादव सहित काफी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

मतदान आरंभ होने के पूर्व मॉकपोल अवश्य करें व इसका प्रमाणपत्र पूर्ण करें: एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सागर के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदान दलों के अधिकारी एवं कर्मचारियों का प्रथम प्रशिक्षण पीजी कॉलेज में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण शिविर में एसडीएम एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी भारत निर्वाचन आयोग के नवीन दिशानिर्देशों का पालन करें तथा निर्वाचन प्रक्रिया को बारीकी से समझें। मतदान दिवस पर मतदान आरंभ होने के पूर्व मॉकपोल अवश्य करें तथा इसका प्रमाणपत्र पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन ड्यूटी में संलग्न सभी अधिकारी एवं कर्मचारी डाक मतपत्र या निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए समय सीमा में आवेदन जमा करें। मास्टर ट्रेनर द्वारा मतदान दल के अधिकारी एवं कर्मचारियों को उनके कर्तव्य एवं दायित्वों से अवगत कराया गया तथा मतदाता की पहचान के लिए ईपिक कार्ड या अन्य मान्य वैकल्पिक दस्तावेज के माध्यम से मतदाता की पहचान सुनिश्चित करने, ईवीएम की संचालन प्रक्रिया, चैलेंज वोट, निविदत्त मत, ईवीएम सीलिंग की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। आदर्श आचरण संहिता का पालन करने एवं निर्वाचन अपराधों पर कार्यवाही के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर रेखा बरेठिया, तहसीलदार सुनील शर्मा, नायब तहसीलदार हेमराज मेहर, रितु जैन एसडीओ आरईएस, मास्टर ट्रेनर डॉक्टर एमएल सोनी, डॉ महेंद्र कुमार पटेल, राकेश सिंह, केके जैन, अजय सिंह ठाकुर, रंजीत सिंह राजपूत, लोकेश जैन, संदीप जैन, संजय ताम्रकार, प्रमोद अहिरवार, असलम खान, डीके शर्मा, मुकेश दुबे, हेमंत बबेले, केके पांडेय, नीरज विश्वकर्मा, मनीष गोस्वामी, दीपक गोस्वामी, प्रवेश सिंह ठाकुर एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

आगजनी के बाद सोंई के खेतों में चारों तरफ बिखरी नजर आ रही बर्बादी की राख

खेतों में जल गई किसानों की उम्मीदें अब कैसे होंगे बेटियों के पीले हाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

सोमवार को सोईकलां और गोपालपुरा के मांड में हुई भीषण आगजनी की घटना में आधा सैकडा किसानों के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल के जलने के साथही किसानों के वो अरमान भी जलकर खाक हो गए जो उन्होंने इस फसल से जोड़कर संजोय हुए थे। कुछ किसान तो ऐसे हैं जिन्होंने इस फसल के बूते ही अपने बेटे-बेटियों के शादी संबंध तय कर लिए थे। इस आगजनी में खून पसीने से सींचकर तैयार की गई फसल के साथ-साथ वो सब सपने भी जलकर खाक हो गए जो उन्होंने इस फसल को देखकर पाल रखे थे।

गोपालपुरा और सोंईकलां हल्के में हुई इस आगजनी में सोंईकला के आधा सैकडा किसानों की करीब ढाई सौ बीघा भूमि में खडी गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। इस फसल के साथ-साथ उन कई किसानों के वह अरमान भी जलकर खाक हो गए जो इस खेती किसानी के माध्यम से देखे थे। सोईकलां के रामराज मीणा ऐसे ही अभागे किसान हैं जिन्होंने अपनी बेटी की शादी ग्राम मातासूला में पक्की करते हुए यह भी तय कर दिया कि विवाह आखातीज पर धूमधाम से किया जाएगा। मगर रामराज की सारी उम्मीदें तीन-चार बीघा में खडी गेहूं की उस फसल से थी जो अब राख का ढेर बन चुकी है। रामराज के समझ नहीं आ रहा कि वह अब अपनी बेटी के हाथ पीले करने के लिए क्या करें। रामराज की तरह सोईकलां के इंद्रेश मीणा भी ऐसे ही अभागे किसान है जिनकी 22 बीघा जमीन में खड़ी गेहूं की फसल कटने से पहले ही राख में बदल चुकी है। इंद्रेश भी आखातीज पर अपनी बेटी की शादी करना चाहते थे इसके लिए वह एक दो रिश्ते देख भी चुके हैं, शादी संबंध की बात चल रही है। रिश्ता तय होता इससे पहले ही प्रकृति की मार उन पर ऐसी पड़ी की अब शायद यह रिश्ता होने के बजाए खेती किसानी में चढ़ा कर्ज उतारने में ही लग जाए।

कलेक्टर पहुंचे पीड़ितों के बीच, बोले पोंछे जाएंगे आंसू

बता दें कि आगजनी की सूचना मिलने के बाद कलेक्टर लोकेश कुमार तत्काल ही मौके पर पहुंच गए और उन्होंने आग से हुए नुकसान का आकलन करने के निर्देश एसडीएम मनोज गढ़वाल को देते हुए किसानों को विश्वास दिलाया कि उनके आंसू पोंछने के काम में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। एसडीएम के माध्यम से कलेक्टर ने हल्का पटवारियों को नुकसान का आकलन तत्काल करने और फसल बीमा योजना के तहत किसानों को हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने की कारवाई तत्काल शुरू करने को कहा। उन्होंने जनपद पंचायत सीईओ को निर्देशित किया कि जिन किसानों की बेटियों की शादी होनी है उनकी सूची बनाई जाए और उन्हें मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का लाभ दिलाने का काम किया जाए। कलेक्टर ने किसानों को आश्वस्त किया कि सरकार के जो भी मदद होगी उसमें कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

सर्वे रिपोर्ट कंपलीटः 49 किसानों की 218 बीघा गेंहू की फसल जलकर हुई राख

सोंईकलां और गोपालपुरा हल्के में आग से फसल में हुए नुकसान की सर्वे रिपोर्ट प्रशासन के राजस्व अमले ने कंपलीट कर ली है। सर्वे रिपोर्ट में 49 किसानों की 218 बीघा में खडी गेहूं की फसल जलने की बात सामने आई है। तहसीलदार प्रेमलतापाल की अगुवाई में बनी राजस्व टीम ने नुकसान की सर्वे रिपोर्ट तैयार कर उसे कलेक्टर लोकेश कुमार के समक्ष प्रस्तुत कर दिया है। अब पीडित किसानों को मुआवजा मिलने की कार्रवाई होगी। यूं तो सोमवार को गोपालपुरा और सोंईकलां हल्के के खेतो में लगी आग विकराल थी। जिसने तांडव मचाते हुए 400 से 500 बीघा खेतो को अपने आगोश में ले लिया था। लेकिन उनमें से कई खेतो में खडी गेहूं की फसल कट चुकी थी,उन खेतो में सिर्फ नरवाई जली है। राजस्व अमले की सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक गोपालपुरा हल्के में 16 किसानों की 70 बीघा गेहूं की फसल जली है। जबकि सोईकलां हल्के में 33 किसानों की 148 बीघा में खडी गेहूं की फसल जलकर राख के ढेर में बदल गई। दोनों हल्को में जिन किसानों को नुकसान पहुंचा है,उनमें से ज्यादातर किसान सोंईकलां के ही निवासी है।

इनका कहना

आगजनी में हुए फसल नुकसान की सर्वे रिपोर्ट कंपलीट कर ली गई है। सर्वे रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कर दी गई है।

प्रेमलता पाल
तहसीलदार,श्योपुर

शिकायतकर्ताओं का आरोप कार्रवाई में देरी से मामले को दबाने का अंदेशा

जब जांच में साबित हो गया फर्जीवाडा तो फिर कार्रवाई में क्यों हो रही देरी?

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

जब जांच के दौरान अपात्रों को पीएम आवास दिए जाने संबंधी फर्जीवाडा साबित हो चुका है तो फिर इस मामले में कार्रवाई करने में क्यों देरी की जा रही है। कार्रवाई में देरी से इस मामले को रफादफा करने का अंदेशा लग रहा है। कुछ इस तरह की बाते सोमवार को ग्राम पंचायत बर्धाखुर्द के ग्रामीणों हरिओम शर्मा, मुकेश गुर्जर, भूपेन्द्र आर्य, जगदीश राठौर आदि ने कराहल स्थित जनपद पंचायत कार्यालय पहुंचकर वहां मिले अधिकारियों से कही। हालांकि ग्रामीणों को जनपद सीईओ अभिषेक त्रिवेदी कार्यालय में नहीं मिले,लेकिन ग्रामीणों ने जनपद सीईओ से भी यह बात मोबाइल पर चर्चा करते हुए कह दी है। इस पर जनपद सीईओ ने ग्रामीणों से इस मामले में जांच रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों की ओर भेज देने की बात कही है। यहां बता दें कि इन ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत बर्धाखुर्द में पीएम जन मन आवास योजना के तहत फर्जीवाड़ा किए जाने की शिकायत की थी। शिकायत में बताया था कि महिला सरपंच समेत 16 हितग्राहियों को दूसरी बार पीएम आवास दिया गया है। इन्हें पहले पतियों के नाम से तो अब पत्नियों के नाम से पीएम आवास दिया गया है। जबकि एक पीएम आवास पंचायत सचिव की भाभी को दिया गया है। इस शिकायत पर जनपद सीईओं के द्वारा इस मामले की चार सदस्यीय समिति गठित कर जांच कराई गई।

मामला ग्रापं बर्धाखुर्द में हुए पीएम आवास फर्जीवाडे का

जांच के दौरान सही मिली फर्जीवाडे की शिकायत

इस मामले की जांच के दौरान फर्जीवाडे की शिकायत सही पाई गई। बताया गया है कि जांच के दौरान 16 महिलाएं हितग्राही ऐसी हैं,जिन्हें पहले पति के नाम से पीएम आवास दे दी गई है और अब पत्नी के नाम से दोबारा पीएम आवास स्वीकृत किए गए हैं। जिनमें रामबती पत्नी मुकेश आदिवासी, रामकली पत्नी सोमत आदिवासी, बृजेश बाई पत्नी शिवराज आदिवासी, पुष्मा बाई पत्नी रामजीलाल आदिवासी, पपीता बाई पत्नी शिवराज आदिवासी, बदाम बाई पत्नी घनश्याम आदिवासी, राजंती बाई पत्नी रामनिवास आदिवासी, सरोज बाई पत्नी विद्याराम आदिवासी, घोडा बाई पत्नी प्रकाश आदिवासी, कपूरी बाई पत्नी वीर सिंह आदिवासी, द्रोपदी बाई पत्नी पप्पू आदिवासी, क्रांति बाई पत्नी धरमू आदिवासी, भारती बाई पत्नी दीन दयाल आदिवासी, लाली बाई पत्नी बलराम आदिवासी,सुनीता पत्नी सरदार आदिवासी, मालती बाई पत्नी पप्पू आदिवासी शामिल है।

सचिव ने भाभी को दिलवा दिया पीएम आवास

शिकायकर्ता ग्रामीणों ने बताया कि पीएम जन मन आवास योजना में सामान्य वर्ग के लोगो को आवास दिए जाने का कोई नियम नहीं है। लेकिन इसके बाद भी प्रभारी पंचायत सचिव गिर्राज शर्मा ने अपनी भाभी उर्मिला पत्नी हरिशंकर शर्मा को पीएम जन मन योजना के तहत पीएम आवास का लाभ दिलवा दिया।

इनका कहना

मुझे इस मामले की जानकारी नहीं है। लेकिन जनपद सीईओ कराहल से इस मामले की जानकारी लेता हूं। यदि इस तरह का फर्जीवाड़ा किया गया है तो इस मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

अतेन्द्र सिंह गुर्जर
सीईओ, जिपं श्योपुर

नए शैक्षणिक सत्र की व्यवस्था देखने स्कूलों में पहुंच रहे कलेक्टर

आधा दर्जन स्कूलों में पहुंचे कलेक्टर, बच्चों से सुने गिनती-पहाडे

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड द्वारा नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के अवसर पर स्कूलो में विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को उन्होंने श्योपुर विकासखण्ड क्षेत्र के आधा दर्जन स्कूलो का निरीक्षण कर स्कूल संचालन तथा बच्चों की प्रवेश प्रक्रिया आदि व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया।

कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड ने नये शैक्षणिक सत्र शुरू होने के अवसर पर मंगलवार को शासकीय प्राथमिक विद्यालय बगवाडा, एकीकृत माध्यमिक विद्यालय ढोटी, प्राथमिक विद्यालय आसीदा, प्राथमिक विद्यालय कंवरसली, प्राथमिक विद्यालय नागरगावडा, शासकीय हाईस्कूल रायपुरा का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने बच्चों की स्कूल में प्रवेश प्रक्रिया, प्रवेश उत्सव, पाठय पुस्तक वितरण, बैठक व्यवस्था, मध्यान्ह भोजन आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही विद्यालयो में पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया गया। विद्यालय में भ्रमण के दौरान कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड द्वारा प्रायमरी के विद्यार्थियों से गिनती एवं पहाडे सुनकर शैक्षणिक स्तर का आंकलन किया गया। उन्होंने गिनती-पहाडे सुनाने वाले बच्चों को शाबाशी भी दी। इसके साथ ही मिडिल स्कूल के विद्यार्थियों से भी चर्चा की तथा उन्हें बेहतर तरीके से अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान उन्होंने स्कूल स्टॉफ को निर्देशित किया कि बच्चों को शुरू से ही व्यवस्थित तरीके से अध्यापन कार्य कराया जाये तथा शैक्षणिक रूप से कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जायें। उन्होंने निर्देश दिये कि विद्यालयो में अध्ययन एवं अध्यापन के माध्यम से बेहतर अकादमिक वातावरण निर्मित किया जाए।

डोडा चूरा तस्कर को 3 साल का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

डोडा चूरा तस्करी मामले में तीन साल पहले पकडे गए एक तस्कर को श्योपुर न्यायालय ने तीन साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है, साथही 5 हजार का अर्थदंड भी रोपित किया है। यह मामला देहात थाना क्षेत्र का है। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव एड ने की है। विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव ने बताया कि जब देहात थाने के थाना प्रभारी उनि गौरव शर्मा थे,तब देहात थाने की पुलिस टीम ने 5 जनवरी 2021 को मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए लक्ष्मण गुर्जर पुत्र मोराजी गुर्जर निवासी गोरस को बावंदा के पास उस समय दबोच लिया,जब वह बोलेरो गाडी में 13 किलो 700 ग्राम डोडा चूरा अवैध तरीके से लेकर जा रहा था। देहात थाना पुलिस ने इस मामले में मामला दर्ज कर चालान श्योपुर न्यायालय में प्रस्तुत किया। विचारण के दौरान न्यायालय ने आरोपी को दोषी माना और मंगलवार को फैसला सुनाते हुए आरोपी लक्ष्मण गुर्जर को 3 साल का सश्रम कारावास और 5 हजार के जुर्माने की सजा सुना दी।

इज्तिमाई शादी वक्त की जरूरत और हुजूरे की सुन्नतः मुफ्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

इज्तिमाई शादी आज के महंगाई के दौर में वक्त की जरूरत होने के साथ साथ हुजूर पाक सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की सुन्नत भी है। शादी विवाह में फिजूल खर्ची अल्लाह के नजदीक ना पसंद अमल है। बेटियों की शादी करना बहुत सबाब (पुण्य) का काम है। इज्तिमाई शादी जैसे आयोजन कर शादियों को आसान बनाने वाले जन्नत के हकदार हैं। यह बात जमीयतुल उलमाए ए हिंद एमपी के प्रदेश सेकेट्री मुफ्ती एजाज ने जमात खाना में इज्तिमाई शादी की तैयारी को देखते हुए कही। भोपाल से श्योपुर पहुंचे जमीयत उलमा ए हिंद के प्रदेश सेक्रेटरी मुफ्ती एजाज ने हुसैनी कमेटी के सदर बरकत खान के अनुरोध पर जमात खाना पहुंचकर इज्तिमाई शादी की तैयारी का जायजा लिया शादी कमेटी के सदर बरकत खान ने बताया कि 5 मई को इज्तिमाई शादी आयोजित की जाएगी जिसमें बेटियों को घर गृहस्थी का वह सारा सामान दिया जाएगा जिसकी जरूरत एक गृहस्थी बसाने के लिए पड़ती है। इस दौरान मुफ्ती एजाज ने उपहार में दिए जाने वाले सामान का मुआयना किया और कमेटी के इस प्रयास को सराहते हुए कहा कि इस तरह की इज्तिमाई शादी आयोजन उन गरीब मां-बाप पर अपनी बेटियों के बोझ को कम करने का काम करते हैं जिनके घरों में बेटियां कुंवारी बैठी है।

बडौदा के वार्ड एक से छह माह पहले चोरी किए थे दोनों मोबाइल

अवैध शराब के साथ दबोचे आरोपी ने उगला मोबाइल चोरी का राज, दो मोबाइल जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बडौदा थाना पुलिस ने अवैध शराब के साथ दबोचे एक आरोपी ने पूछताछ के दौरान छह माह पहले हुई मोबाइल चोरी की वारदात का राज भी उगल दिया है। बडौदा के वार्ड क्रमांक 01 में हुई मोबाइल चोरी की इस वारदात को इसी आरोपी ने अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपी के घर से चुराए गए दोनों मोबाइल और 5 हजार रूपए की राशि जब्त की है।

बडौदा थाना प्रभारी सत्यम सिंह गुर्जर ने बताया कि सोमवार की शाम को मुखबिर के जरिए मिली सूचना पर दबिश देकर महेश उर्फ बंटी पुत्र बृजेश जांगिड निवासी वार्ड क्रमांक 01 बडौदा को कुहांजापुर बिजली फीडर के पीछे से दबोचा है। उसके कब्जे से 60 लीटर हाथ भट्टी की बनी शराब जब्त की है। आरोपी महेश उर्फ बंटी को जब थाने लाकर छह माह पहले बडौदा के वार्ड क्रमांक 01 में हुई मोबाइल चोरी की वारदात को लेकर पूछताछ की गई तो उसने विशाल नामा के घर से हुई मोबाइल चोरी की वारदात का राज उगल दिया।

वारंटी को किया गिरफ्तार

बडौदा थाना पुलिस ने एक स्थाई वारंटी को भी अरेस्ट करके न्यायालय में प्रस्तुत किया है। पुलिस ने बताया कि गोबरीलाल निवासी लटावनी के खिलाफ न्यायालय के द्वारा स्थाई वारंट जारी किया गया था। न्यायालय के आदेश पर गोबरीलाल को अरेस्ट करके श्योपुर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

विशाल के घर से चोरी हुए थे मोबाइल

बडौदा थाना प्रभारी सत्यम सिंह गुर्जर ने बताया कि बडौदा के वार्ड क्रमांक 01 निवासी विशाल पुत्र दिनेश नामा ने गत 14 अक्टूबर 2023 को मोबाइल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके घर से 2 मोबाइल चोरी हो गए है। तत्समय इस मामले में अज्ञात चोर के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई। महेश जांगिड पर मोबाइल चोरी कर ले जाने का संदेह लग रहा था। इसलिए अवैध शराब के मामले में महेश उर्फ बंटी को पुलिस टीम अरेस्ट करके थाने लाई तो उससे उक्त मोबाइल चोरी की वारदात को लेकर भी पूछताछ की गई। थोडी सख्ती दिखाने पर आरोपी ने न सिर्फ वारदात कबूल कर ली,बल्कि उसकी निशानदेही पर उसके घर से चोरी के दोनो मोबाइल और 5 हजार रूपए भी जब्त किए है। इस मामले में बडौदा थाना प्रभारी सत्यम सिंह गुर्जर सहित उनि धर्मेन्द्र शर्मा, प्रआर सुनील भार्गव, आरक्षक दीपेन्द्र रावत, राजकुमार,कुलदीप शर्मा आदि पुलिसकर्मियों की भी अहम भूमिका रही है।

एएसपी बोले जिन्होने अभी तक नहीं कराए शस्त्र जमा,उन पर होगी कार्रवाई

हथियार जमा करने में खानापूर्ति, 400 से ज्यादा हथियार अभी तक नहीं हो पाए जमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

लोकसभा चुनाव को शांति से कराने जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा लाइसेंसधारी शस्त्र यानि हथियार जमा करने के लिए उनके स्वामियों को कहा गया है। लेकिन इसके बाद भी 400 से ज्यादा हथियार संबंधित पुलिस थानो में जमा नहीं हो सके है। जिससे ऐसा लग रहा है कि ये लोग अपने आपको रसूखदार समझते है। मगर पुलिस अब ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। एएसपी सतेन्द्र सिंह तोमर का कहना है कि जिनके द्वारा अपने लाइसेंसी हथियार अभी जमा नहीं कराए गए है,उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी,इसके लिए नोटिस दे दिए गए है।

पुलिस सूत्रों की माने तो श्योपुर जिले में 3928 लोगों के पास लाइसेंसी शस्त्र है। इनमें सबसे ज्यादा लाइसेंसी हथियार विजयपुर सब डिवीजन क्षेत्र में है। जबकि सबसे कम बडौदा सब डिवीजन में है। लोकसभा चुनाव के तहत लागू हुई आचार संहिता को देखते हुए कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा सभी शस्त्र लाइसेंसधारी लोंगो को अपने अपने हथियार संबंधित पुलिस थानो में जमा कराए जाने के लिए आदेशित किया गया है। बताया जा रहा है कि अभी तक जिले में 3928 शस्त्रों में से 3500 के आसपास ही शस्त्र थानों में जमा हो सके है। जिसे जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश की अवहेलना हो रही है। वहीं ऐसा भी लग रहा है कि जिन्होने अभी तक अपने हथियार थानों में जमा नहीं कराए है, वे अपने आपको रसूखदारी समझ रहे है।

यहां की जा सकती है शिकायत

लोकसभा चुनाव में निर्वाचन आचार संहिता से संबंधित शिकायतें प्राप्त करने एवं उनका निराकरण करने जाने हेतु निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मनरेगा पोर्टल, सी - विजिल पोर्टल, हेल्पलाइन नंबर 1950 पर शिकायत दर्ज की जा सकती है।

इनका कहना

जिनके शस्त्र जमा नहीं हुए है, उनको थाने से नोटिस जारी करवाए जा रहे है। इसके बाद भी जो जमा नहीं करेगा, उस पर नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी। इसमें जेल की सजा तक के प्रावधान है।

सतेन्द्र सिंह तोमर
एएसपी,श्योपुर

कचरा कलेक्शन को लगाए 24 टिपर वाहन, 5 ट्रैक्टर ट्रॉली फिर भी जगह-जगह घूड़े के ढेर

मॉडल टंचिग ग्राउंग मौजूद, फिर भी बस्तियों में जलाकर किया जा रहा कचरे का निस्तारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कहने को तो नगर पालिका के पास ग्राम मठेपुरा में मॉडल टंचिग ग्राउंड मौजूद है, जहां पर दावा किया जा रहा है कि शहर का कचरा एकत्रित कर उससे जैविक खाद बनाने का काम किया जा रहा है। नगर पालिका के इस दावे की पोल शहर में जगह जगह पड़े कचरे के ढेर और जलाकर किया जा रहे कचरे के निस्तारण को देखकर खुल रही है।

नगर पालिका के पास डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए 24 टिपर वाहन और 5 ट्रैक्टर ट्राली मौजूद है जिनके माध्यम से सफाई कर्मचारी घर-घर पहुंचकर कचरा कलेक्शन कर उसे टचिंग ग्राउंड में पंहुचा रहे हैं। इस काम के लिए सफाई कर्मचारियों की भारी भरकम फौज भी लगाई हुई है इसके बावजूद शहर का कचरा कई जगह सड़कों पर जलाकर निस्तारण किया जा रहा है जो पर्यावरण को प्रदूषित करने का काम कर रहा है।

नालों की सफ़ाई के बाद कई कई दिन नहीं उठता कचरा

शहर के नालों की सफाई के बाद उनका कचरा उठाकर टंचिग ग्राउंड में भेजने के लिए शायद नगर पालिका के पास कर्मचारी कम पड़ रहे हैं। जहां भी नालों की सफाई की जाती है वहां कचरे को सड़क पर डाल दिया जाता है कई कई दिनों तक कचरा सड़क पर पड़ा रहता जो बीमारी का कारण बन रहा है। सप्ताह भर तक कचरा नहीं उठाने पर सफाई कर्मचारी ही उक्त कचरे में आग लगा देते हैं जिससे वातावरण दूषित हो रहा है।

कलेक्टर के निर्देश बे असर, जगह-जगह कचरे के ढेर

शहर में जगह-जगह पसर रही गंदगी से नाराज कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने नियमित रूप से साफ सफाई करने और सड़कों पर कचरा फेंकने की प्रवृत्ति पर लगाम लगाने के निर्देश सीएमओ को देते हुए एसडीएम को इस काम के लिए मॉनिटरिंग अधिकारी बनाकर व्यवस्था दुरुस्त करने का नवाचार किया था लेकिन जब से कलेक्टर ने इस तरह के निर्देश दिए हैं तब से साफ सफाई की समस्या घटने के बजाए और भी अधिक खराब हो गई है। सड़कों पर फेंके जाने वाले कचरे को उठाकर टचिंग ग्राउंड में ले जाने के लिए पांच ट्रैक्टर ट्राली लगाए हुए हैं जो सुबह शाम दो चक्कर यही काम करते हैं। इसके बावजूद शहर के विभिन्न नालों से निकाला गया कचरा नालों के किनारे सप्ताह भर तक पड़ा रहता है जो वातावरण को दूषित कर रहा है।

इनका कहना

कचरे का जलाकर निस्तारण न तो बस्तियों में कहीं किया जा रहा है और नहीं टचिंग ग्राउंड में, अगर कोई ऐसा कर रहा है तो लापरवाही करने वालों पर कार्रवाई करेंगे।

सतीश मटसेनिया
सीएमओ श्योपुर

बंटवारे को लेकर विवाद में युवक को भाई और भतीजो ने मिलकर पीटा

श्योपुर।बंटवारे को लेकर हुए विवाद के दौरान फरियादी युवक की उसके बडे भाई और भतीजो ने मिलकर लातघूसों से मारपीट कर दी। यह मामला बडौदा कस्बे के बागर तिराहा क्षेत्र का है। बडौदा थाना पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम राजपुरा हाल बागर बडौदा निवासी पप्पू उर्फ बंटी मीणा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि हिस्से बंटवारे की बात को लेकर सोमवार को उसके बडे भाई सुग्रीव मीणा तथा उसके लडकां मोनू मीणा, सोनू मीणा ने घर आकर मेरी लातघूसो से मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान पप्पू को चोट आई है। इस मामले में बडौदा थाना पुलिस ने पप्पू उर्फ बंटी मीणा की रिपोर्ट पर सुग्रीव मीणा, सोनू मीणा, मोनू मीणा के खिलाफ मारपीट की धाराओ में मामला दर्ज कर लिया है।

खबर संक्षेप

नेहरू महाविद्यालय के छात्रों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली

अशोकनगर। सोमवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के अन्तर्गत शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर के विद्यार्थियों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली महाविद्यालय से प्रारंभ होकर कलेक्टर कार्यालय स्टेशन रोड, ओम कॉलोनी, शिक्षक कॉलोनी एवं यादव कॉलोनी होते हुये, महाविद्यालय में वापस आकर समाप्त हुई । रैली का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए.एस. लहरिया द्वारा किया गया । रैली में महाविद्यालय के स्वीप प्रभारी विशाल नरवरिया, इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष मनोज ठाकुर, महाविद्यालय के अन्य शैक्षणिक स्टाफ सहित लगभग 50 विद्यार्थी शामिल हुये ।

रंगों का त्यौहार रंग पंचमी मनाई

अशोकनगर। अखिल भारतीय दिंगबर जैन महिला परिषद द्वारा राजुल संभाग की ईकाई के चुनाव आयोजित किए गए और होली का त्यौहार मनाया गया । इस अवसर पर रंगारंग सूखी होली का आयोजन गुलाल से किया एवं भगवा अखिल भारत वर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद प्रथम शाखा अशोकनगर राजुल संभाग की केंद्रीय चेयरपर्सन एवं जनसंपर्क अधिकारी नीलू बरोदिया के निर्देशन में चुनाव किए गए ,जिसमें अध्यक्ष प्रियंका जैन बरखेड़ा ,सचिव प्रीति जैन बाबा एवं कोषाध्यक्ष अंजू कांसल को चुना गया। पूर्व अध्यक्ष रश्मि जैन प्रांतीय चेयरपर्सन एवं पूर्व सचिव वर्षा बड़कुल केंद्रीय संरक्षिका के रूप में नियुक्त हुई ।

हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया

अशोकनगर। देहात थाने के अंतर्गत एक दिन पहले पीपलखेडा मे हुई घटना मे भाई ने भाई के उपर डीजल डालकर आग लगा दी थी। उक्त मामले की रिपोर्ट धन्नालाल अहिरवार ने दर्ज कराई है जिस पर से पुलिस ने परमाल अहिरवार के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

करीला मेले से अज्ञात बदमाश जीप चुरा ले गए

अशोकनगर। जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत ग्राम करीला से अज्ञात बदमाष एक जीप चोरी कर ले गए है। जिसकी रिपोर्ट जिला निवाडी के ग्राम प्रथ्वीपुर निवासी सुरेन्द्र पुत्र स्वामी प्रसाद यादव ने दर्ज कराई है। बोलेरो जीप का नंबर एमपी 36 टी 0934 है।

मामला जलकुंभी का: जनहित याचिका पर की गई सुनवाई

कलेक्टर सहित चार अधिकारियों को हाईकोर्ट का नोटिस, मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

ग्वालियर मप्र उच्च न्यायालय ने सांख्य सागर (चांद पाठा) में जलकुम्भी के खिलाफ दायर जनहित याचिका को लेकर सोमवार को सुनवाई की, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के युवा एडवोकेट शिवपुरी निवासी निपुण सक्सेना ने बहस की। जिसके बाद मप्र उच्च न्यायालय ने कलेक्टर शिवपुरी, मुख्य संरक्षक वन, नगरपालिका, राज्य जैव विविधता बोर्ड सहित मप्र सरकार को नोटिस जारी करके 7 दिन में जवाब तलब किया है। बता दें कि शिवपुरी के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक माधव राष्ट्रीय उद्यान के अंदर स्थित रामसर साइट सांख्य सागर झील में चारों ओर जलकुंभी फैली है। इस जलकुंभी के कारण सांख्य सागर झील की हालत खराब है। जलकुंभी ने पूरी झील के पानी को घेर लिया है ,सूर्य की किरणें पानी के अंदर नहीं जाने के कारण जीव जंतुओं के जीवन पर भी असर पड़ रहा है। जलकुंभी की चादर के कारण पर्यटन नगरी शिवपुरी का नौका विहार बंद हो चुका है। जलकुंभी को लेकर मीडिया ने अभी तक सैकड़ों खबरों को प्रकाशन कर दिया है लेकिन शिवपुरी के माधव नेशनल पार्क प्रबंधन पर असर नहीं हो रहा है। पार्क की इस गंभीर लापरवाही के कारण ही इस मामले को उच्च न्यायालय की चौखट पर जाना पडा। इस तालाब में सैकड़ों मगरमच्छ है पानी में ऑक्सीजन की कमी के कारण मगरमच्छ शहर की सडको तक निकल रहे है वही यह तालाब पार्क के वन्य जीवों सहित शहर की आधी आबादी की प्यास बुझाने का काम करता है।

वन महकमे की लापरवाही के चलते पूरे तालाब में जलकुंभी बिछी हुई नजर आती हैं जिससे आने वाली भीषण गर्मी में पानी का संकट सामने आ सकता हैं खासकर माधव नेशनल पार्क के वन्य प्राणियों को पानी के लिए परेशान होना पड़ सकता हैं वहीं बीते मानसून की तरह जलकुंभी के कारण डैम टूटने की नौबत आ सकती हैं। जैसा बीते साल हुआ था। दरअसल सांख्य सागर झील 1919 में तैयार हुई। इसकी विशेषता हैं की जल भराव 1132 फीट के बाद जैसे ही जल स्तर बढ़ता है इसके ऑटोमेटिक गेटों से पानी की निकासी शुरू हो जाती हैं।

बीते कुछ साल पहले जब डेम की दीवार में कुछ जगह दरार आईं तो इनसे जल निकलने लगा। जिससे जल स्तर कम होने और सौ साल के हो चुके डेम को खतरा उत्पन्न हुआ। ऐसे में तत्कालीन सरकार में मंत्री रहते ज्योतिरादित्य सिंधिया ने चुने और विशालकाय पत्थरों से निर्मित इस डेम की सुध ली और साढ़े छह करोड़ की राशि से इसका रिसाव बंद करवाया। लेकिन बताया जाता है की इसी दौरान जब रेडियल गेटों को बदलकर नए ऑटोमेटिक गेट लगाए गए इसमें चूक हुई।

जिन गेटों से हर साल उपजने वाली जलकुंभी बारिश के ओवर फ्लो के साथ डेम से निकल जाती थी वह नए गेटों के लगने के बाद निकलती नहीं बल्कि गेटों में जाकर फस जाती हैं जिससे डेम बारिश के दिनों में टूटने की संभावना जल संसाधन विभाग ने जाहिर की थी और मुनादी करवाने के साथ मीडिया ने खबर भी दी थी। खेर डेम तो नहीं टूटा लेकिन जलकुंभी की निकासी न होने से झील का अस्तित्व खतरे में हैं। एक और बात ये की सांख्य सागर झील पर जल संसाधन का अधिकार है लेकिन नेशनल पार्क की सीमा में होने से पार्क प्रबंधन उसे पूरी तरह दखल नहीं देने देता।

कांग्रेस नेता राकेश ने ली भाजपा की सदस्यता

शिवपुरी। केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समक्ष दिल्ली जाकर कांग्रेस नेता राकेश गुप्ता ने भाजपा की पुनः:सदस्यता ग्रहण करली है। राकेश सवाल दास गुप्ता ने 24 जून 2023 को भाजपा से इस्तीफा दिया था और कांग्रेस में जाने का मन बना लिया था।विधानसभा चुनाव से पूर्व राकेश सावलदास गुप्ता शिवपुरी जिले के पहले ऐसे नेता थे जिन्होंने टिकट के लालच में सिंधिया का हाथ छोड कमलनाथ का साथ पसंद किया था। इससे पूर्व राकेश गुप्ता की गिनती सिंधिया निष्ठ नेताओं में की जाती थी,लेकिन विधानसभा चुनाव में राकेश गुप्ता को टिकट नहीं मिला और प्रदेश में कमलनाथ की सरकार नहीं बनी।

26 जून को ली थी सदस्यता

राकेश गुप्ता ने 26 जून को लगभग 50 गाड़ियों के काफिले से पीसीसी कार्यालय भोपाल पहुंचे थे और कमलनाथ के समक्ष कांग्रेस की सदस्यता ली थी। राकेश गुप्ता सिंधिया समर्थक नेता रहे है और जब केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस छोड़ी थी उस समय राकेश गुप्ता सिंधिया के साथ भाजपा के साथ ही भाजपा में चले गए थे।

शराब की 10 पेटी के साथ आरोपी गिरफ्तार

शिवपुरी पुलिस ने अंदोरा गांव की नहर किनारे से एक बाइक सवार के पास से देशी शराब की 5 पेटियों को ले जाते हुए पकड़ा है पूछताछ में उसने अपना नाम रामू उर्फ पुत्र हनुमंत सिंह रावत (43) निवासी अंदोरा का होना बताया था। पुलिस ने शराब की जानकारी के लिए सख्ती से पूछताछ की थी। जहां आरोपी के खेत से 5 देशी शराब की पेटियों को बरामद कर लिया था। पुलिस ने 10 देशी शराब की पेटी, बाइक को जब्त कर आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। गौरतलब है कि पकड़े गए आरोपी पर 7 मामले पहले से ही दर्ज है।

नाबालिग के साथ रेप करने वाला आरोपी गिरफ्तार

शिवपुरी 14 साल की नाबालिग 26 मार्च को मेला देखकर अपने घर लौट रही थी तभी गांव का रहने वाला संजू परिहार उसे मिल गया था। इसके साथ बाइक पर उसके मामा का बेटा गिल्ला पुत्र दोलत परिहार और उसका दिनारा का रहने वाला फूफा मोहन परिहार भी था।

तीनों ने मिलकर उसे बाइक पर जबरदस्ती बैठाकर जंगल की ओर ले गए थे। जहां संजू परिहार ने उसके साथ रेप की वारदात को अंजाम दिया। मामले में पुलिस ने उसी दिन अपहरण का मामला दर्ज कर उसी दिन जंगल में सर्चिंग कर नाबालिग को बरामद कर लिया। नाबालिग के बयानों के बाद दर्ज मामले में पॉक्सो एक्ट, रेप की धाराओं में इजाफा कर लिया था।

इस मामले में पुलिस मुख्य आरोपी संजू परिहार के फूफा मोहन परिहार को मौके से गिरफ्तार कर चुकी थी। लेकिन मुख्य आरोपी संजू परिहार (24) और उसके मामा के बेटे गिल्ला पुत्र दोलत परिहार (28) फरार चल रहे थे। जिन्हें पुलिस ने सिसोदा चौराहे से गिरफ्तार कर लिया है।

अभी तक नहीं मिली काव्या, उधर बैराड़ में दूसरी लड़की ने की घर से भाग कर शादी

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

जिले के बैराड कस्बे में एक मामला प्रकाश में आया है जिसमें एक युवती ने घर से भाग कर अन्य समाज के लडके के साथ में शादी रचा ली है इस शादी के फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे है इधर पुलिस ने युवती के पिता की शिकायत पर बिना किसी के नाम पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की है

सोशल मीडिया पर वायरल

जानकारी के अनुसार बैराड थाना क्षेत्र के गांव देवरी की रहने वाली यवुती बैराड में रहती थी और कुछ दिन पहले युवती अचानक घर से भाग गई और उसने अन्य किसी समाज के लडके के साथ शादी रचा ली जिसके फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे है इस मामले की जब पडताल की गई तो सामने आया कि बैराड निवासी भरत रजक ने एक शिकायती आवेदन ग्वालियर आईजी को दिया है जबकि दूसरा आवेदन भरत रजक की मां नारायणी ने शिवपुरी एसपी को दिया है इन दोनो आवेदनो में भरत और उसकी मां ने पुलिस पर प्रताडना के आरोप लगाए है जबकि थाना प्रभारी मनोज राजपूत ने बताया है कि भरत रजक को पूछताछ के लिए थाने बुलाया था इसके बाद उन्होने बताया है कि लडकी बालिग है और उसके पिता ने लडकी के अपहरण की बात भी कही है पुलिस थाने पर लडकी के गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई है इस पूरे मामले में सामने आया है कि पुलिस का शक भरत के लडके पर है जबकी पुलिस ने बिना किसी के नाम के रिपोर्ट दर्ज की है इस मामले में युवती ने अपनी शादी के फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर डाले है जिसमे युवती ने बताया है कि उसने अपनी मर्जी से घर से भाग कर शादी की है पुलिस का कहना है कि जब तक लडकी और लडके के व्यान नहीं होगे उस समय तक मामले से परदा नहीं उठेगा पुलिस घर से भागी युवती और भरत रजक के लडके की तलाश कर रही है।

अभी तक नहीं मिली स्कूल संचालक की बेटी

बैराड़ में स्कूल चलाने वाले रघुवीर धाकड़ की बेटी काव्या को पुलिस अभी तक बरामद नहीं कर सकी है इस मामले में रघुवीर धाकड़ ने पहले पोहरी पुलिस से संपर्क साधा इसके बाद लडकी के पिता कोटा पहुंचे और कोटा के बाद इंदौर भी पहुंचे लेकिन अभी तक कई दिन बीत जाने के बाद भी लड़की का कोई पता नहीं चल सका है यह दोनो ही मामले पुलिस के लिए चुनौती बने हुए है

लड़की बालिग है

काव्या धाकड़ मामले में कोटा और जयपुर पुलिस ने जो मदद मांगी थी हमने कर दी थी लेकिन काव्या अभी तक पुलिस की हाथ नहीं लगी है दूसरा मामला बैराड का है उस मामले में गुमशुदगी दर्ज है इसके साथ ही लड़की बालिग है और उसने अपनी मर्जी से ग्वालियर आर्य मंदिर में शादी भी कर ली है जिसके फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर डाले है लडकी को बरामद करने के लिए पुलिस प्रयास कर रही है लडकी के व्यान के बाद लड़की जहां जाना चाहे वहां जा सकती है

सुजीत सिंह भदौरिया एसडीओपी पोहरी

थूबोन कमेटी ने कार्यक्रम के लिए सिंधिया को दिया आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अषि, मसि, कृषि, विद्या, वाणिज्य और शिल्प का उपदेश देकर सिसकती मानवता को वचाने वाले अंतिम कुलकर मनु महाराज के पुत्र भगवान रिषभ देव जिन्हें जगत भगवान आदिनाथ स्वामी के रूप में जनता है उनकी जन्म जयंती तीर्थ दिवस के रूप में मनाई जायेगी। मध्य भारत के सबसे बड़े तीर्थ अतिशय क्षेत्र दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी के खड़े बाबा भगवान आदिनाथ स्वामी के चरणों की वंदना वा तीर्थ भूमि पर पधारे का निमंत्रण दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी द्वारा केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को दिया गया।

मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज की प्रेरणा से आदिनाथ जयंती को देशभर में इस वर्ष तीन अप्रैल को तीर्थ दिवस के रूप में मनाई जा रही है।

मध्य भारत के सबसे बड़े तीर्थ अतिशय क्षेत्र दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी भगवान श्री आदिनाथ स्वामी की जन्म जयंती तीन अप्रैल को पूरे भक्ति भाव के साथ विभिन्न कार्यक्रम के साथ मनाई जाएगी इस दौरान मंगलाष्टक के साथ ही भगवान के कलशाविषेक जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति के साथ ही एक सौ आठ रिद्धि मंत्रों से अभिषेक किया जायेगा इसके साथ ही भगवान की विशेष पूजा अर्चना भी होगी इसके साथ ही जिले भर के जैन मन्दिरों में भगवान के जन्म कल्याणक पर विशेष आराधना होगी।

चुनाव की अनिवार्यता विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता

अशोकनगर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुभाष कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी डॉ.नेहा जैन के मार्गदर्शन में जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान प्रतिशत बढाये जाने हेतु मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था अशोकनगर में स्वीप गतिविधियों के तहत छात्रों के बीच में 'चुनाव की अनिवार्यता' विषय पर डिबेट का आयोजन किया गया। जिसमें विषय वस्तु लोकतंत्र में मतदान आवश्यक क्यों है, के अंतर्गत वाद विवाद किया गया। साथ ही प्रथम बार मतदान कर रहे प्रशिक्षणार्थियों को भी मतदान आवश्यक रुप से करने एवं अन्य लोगों को भी जागरूक करने को प्रेरित करने को कहा गया।इस मौके पर प्राचार्य अनिल कुमार सैनी, स्वीप प्रभारी मधु द्विवेदी, दानिश दुर्रानी, प्रशिक्षण अधिकारी देवेन्द्र माहौर एवं भोला राम जितेन्द्र शर्मा आदि के मार्गदर्शन में छात्रों को चुनाव के महत्व के बारे मे जागरूक किया गया ।

साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कलेक्टर सुभाष कुमार ने अधिकारियों को दिए निर्देश

गांवों में सर्वे कर बंद पड़े जल स्त्रोंतों को पुन शुरू करने योजना बनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

साप्ताहिक समीक्षा बैठक मे कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन लोकतंत्र का त्यौहार है,इस त्यौहार में हम सबकी जिम्मेदारी ही नही बल्कि हमारा कर्तव्य है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन के लिए समय-समय पर जो निर्देश जारी किये जाते है,उन निर्देशों को भलीभांति अध्ययन कर कार्यो को पूर्ण करें।

उन्होंने निर्देशित किया कि जिले में मतदान प्रतिशत बढाने हेतु स्वीप गतिवधियां अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किये जाएं। जिससे मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा सके। उन्होंने कहा कि मतदान कर्मियों को समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को मतदाता पर्ची का वितरण बीएलओं के माध्यम से घर-घर पहुंचकर किया जाए। साथ ही उन्होंने सभी मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं को छाया, शुद्ध पेयजल सहित समस्त मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।बैठक में कलेक्टर ने अल्पवर्षा होने के कारण जिले में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित रखने हेतु पीएचई विभाग को निर्देशित किया कि बंद पडे.हेण्डपम्पों को दुरूस्त किया जाए। साथ ही हेण्डपम्पों का जल स्तर नीचे पहुंचने पर पाईप लाईन बढाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त एसडीएम,सीईओ जनपद एवं सीएमओं को निर्देशित किया किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में पेयजल संकट की मॉनीटरिंग कर पेयजल व्यवस्था दुरूस्त रखी जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि गांव-गांव सर्वे कर बंद पडे जल स्त्रोंतों को पुन शुरू करने के लिए कार्ययोजना बनाकर जल उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि खरीदी केन्द्रों पर किसानों के लिए छाया,पानी के बेहतर इंतजाम किये जाएं। उन्होंने कहा कि खरीदी केन्द्रों पर तहसीलदार स्तर के अधिकारियों द्वारा निरंतर मॉनीटरिंग कर खरीदी केन्द्रों पर किसी भी प्रकार की अनियमिता न हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि जिले में बिना रजिस्ट्रेशन संचालित मैरिज गार्डनों के रजिस्ट्रेशन किये जाए। बैठक में कलेक्टर ने करीला मेला के सफल आयोजन के लिए सभी अधिकारियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी।